## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

**NCBC/08/01/232-G/2020-KSP**

**न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी के साथ दिनांक 24.09.2020 की सुनवाई का कार्यवृत्त**

बैठक में उपस्थित सदस्य व अधिकारीगण:-

1. श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
2. श्री अतुल सहाय, सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी
3. श्री इंद्रजीत सिंह, जीएम (एचआर), न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी
4. श्री हरीश सिंहल, डीजीएम (एचआर), न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी
5. श्री संदीप शर्मा, असिस्टेंट मैनेजर, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी
6. श्रीमती चित्रा अय्यर, असिस्टेंट मैनेजर, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**:- कार्यवाही शुरु की जाये।

**सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी**:- जी सर।

**सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी**:- सर, रिजर्वेशन पॉलिसी को हम सम्पूर्ण तरीके से implement कर रहे है। रिक्रूटमेंट की प्रतिशत प्रोपर मेंटेन हुआ है लेकिन बहुत से कैंडिडेट ज्वाइन नही करते है इसकी वजह से 1-2 शार्टफाल हुआ है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**:- New India Assurance Company में रिजर्वेशन कब से लागू हुआ?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर, ओबीसी का रिजर्वेशन 1993 में लागू हुआ है 2000-01 तक रिक्रूटमेंट जीआईसी के अधीन था। 2001 के बाद से सभी कंपनियों ने अपना अपना रिक्रूटमेंट करना शुरु कर दिया है। काफी समय तक

लगभग 20 साल तक रिक्रूटमेंट नहीं हुए थे, 2010 के बाद से रिक्रूटमेंट रेगूलर ढ़ग शुरु हुआ है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- जो आपने कर्मचारियों / अधिकारियों का प्रतिशत दिया है ग्रुप 'ए' में ओबीसी 12%, ग्रुप 'बी' में 4%, ग्रुप 'सी' में 14% और ग्रुप 'डी' में 9% है उसका 27% से कम रहने का क्या कारण है ?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर, ग्रुप 'बी' तो Development Officer cadre है वो रन ऑफ कैडर है इसमें 1997 के बाद से रिक्रूटमेंट नहीं हुआ है। इसलिये उसमें 4% दिखता है बाकी ग्रुप 'ए', 'सी' और ग्रुप 'डी' में रिक्रूटमेंट हुआ है ग्रुप 'डी' में Compassionate appointment होता है, ग्रुप 'ए', ग्रुप 'सी' में जब से ओबीसी के लिये से 27% रिक्रूटमेंट का रिजर्वेशन लागू हुआ है, हमारी 15-16 हजार की एम्प्लाई Strength है उसमें 27% रिफ्लेक्ट हो उसमें थोड़ा टाइम लगेगा। लेकिन जब से रिजर्वेशन आया है पोस्ट बेस्ड रोस्टर के हिसाब से 27% रिजर्वेशन दिया जा रहा है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- 1993 से जीआईसी में रिजर्वेशन लागू था जीआईसी नियुक्ति करती थी 2001 से आप लोग नियुक्ति कर रहे है। 1993 से 27 साल हो जाते है और 2001 से देखिये तब भी 19 साल हो जाते है, आप का रन ऑफ कैडर में ही नही बल्कि ग्रुप 'डी' और 'सी' में 27% ओबीसी नहीं है और ग्रुप 'ए' में मात्र 12% है।

**सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी**:- सर, केन्द्र सरकार ने, जो पीएसयू की इंश्योरेंस कम्पनी थी उसमें रिक्रूटमेंट फ्रीज कर दिया था, जो आखिरी बैच में जो ऑफिसर रिक्रूट हुए थे वो 1991 में रिक्रूटमेंट हुआ था और रेगूलर रिक्रूटमेंट 2010 में हुआ था उस बीच में 2002 में 40 लोग, 2004 में 20 जो स्पेशलिस्ट कैडर में लिया गया था हमारा रिक्रूटमेंट अभी भी रुका हुआ है क्योंकि सरकार ने रोक लग

दी है। अभी भी रिक्रूटमेंट नहीं हो रहा है लेकिन 2010 में रेगूलर रिक्रूटमेंट हुए थे लेकिन तब से 27% रिजर्वेशन मेंटेन हुआ है पहले भी हमारे रिक्रूटमेंट 1991 से पहले निकले थे उसमें बहुत से लोगों ने कैटेगरी डिक्लेयर नहीं किया है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- हम उसके बारे में पूछ नहीं रहे है, 1991 में जो ज्वाइन किये होंगे उनमें से काफी लोग रिटायर भी हो गये होंगे?

**सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:**- 1991 के बाद का डाटा फिर से भेज देते है 1991 से अभी तक कितने रिक्रूट हुए है और उसमें हमने सारा रिजर्वेशन मेंटेन कर रखा है।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर, 7 पाइंट वाली प्रश्नावली का पहला प्रश्न प्रश्न देखे तो उसमें 1993 से जो रिक्रूटमेंट हुए है, 2010 के बाद से ज्यादा संख्या में रिक्रूटमेंट हुए है, बीच में 3 साल हुआ है ऑफिसर कैडर में 40 से 50 रिक्रूट हुए है। आप देखेंग कि 2010 के बाद से ही रेगूलर रिक्रूटमेंट शुरू हुआ है और उसमें पूरा 27% रिजर्वेशन लिया गया है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- वर्ष 1993 के बाद कौन कौन से साल में रिक्रूटमेंट किया हैं?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर, 2002 में, 2004 में, 2005 में हुआ था, उसमें एक एससी/एसटी का बैकलॉग था उसमें स्पेशल रिक्रूटमेंट हुआ था और बाकी मेन रिक्रूटमेंट 2002 और 2004 में हुआ था।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- वर्ष 2002 में कितनी वैकेंसी थी?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** 2002 में 80 वैकेंसी क्रियेट हुई थी।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- 2004 में कितनी वैकेंसी थी?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** 2004 मे 40 वैकेंसी थी सर, 2002 में 80 वैकेंसी में से 23 सीट ओबीसी की सीट फिल हुई और 2004 में 36 वैकेंसी फिल हुई थी उसमें से 5 वैकेंसी ओबीसी की थी और जो भी शार्टफाल था वो केरी फार्वर्ड हो गया है। रोस्टर के हिसाब से ओबीसी का बैकलॉग हमारा खत्म है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- प्रश्न संख्या 9 सी में बताया है कि Shortfall backlog in direct recruitment in the entry cadre in due to non acceptance employment offer by the candidate in recruitment exercise.

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- इस संदर्भ में ये बताइये कि ऐसे कुल कितने ओबीसी के उम्मीदवार थे जिन्होंने employment offer स्वीकार नही किया?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर, हमने जितनी वैकेंसी निकाली, उसका पूरा रिजल्ट निकालते है उतनी वैकेंसी का और employment offer करते है जो लोग ज्वाइन नहीं करते और खाली वैकेंसी रह जाती है, उसके बाद कंटीजेन्सी लिस्ट जारी करते है उसके बाद भी जो नहीं भरता है तो शार्टफाल में जाती है, डाटा हम भेज देंगे।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- ये 9 सी में आपने जवाब दिया है Shortfall/Backlog in direct recruitment to the entry cadre is due to Non-acceptance of employment offer by the candidates in recruitment Exercise.

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** इस वक्त तो बैकलाग जीरो है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** जब जीरो है तो जवाब देने की क्या आवश्यकता थी?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** इसमें किसी भी रिक्रूटमेंट में शार्टफाल इसलिये रह जाता है क्योंकि हम लोग तो पूरे लेटर इशु करते है वैकेंसी के लिये, लेकिन कई लोग पहले ज्वाइन कर चुके होते है या ज्वाइन करने के बाद छोड़ देते है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** 08.09.1993, 02.07.1997 और 31.12.1997 का कटऑफ डेट और रोस्टर रजिस्टर आयोग को उपलब्ध कराया जाये।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** आपका स्टेट वाईज या रीजन-वाईज ऑफिस चलता है?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर, क्लास 1 ऑफिसर कैडर है वो तो ऑल इंडिया कॉमन है, जो असिस्टेट कैडर है क्लेरिकल वो स्टेट वाईज चलता है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** स्टेट-वाईज रोस्टर आयोग को भिजवाइये आपने सिर्फ दो ही स्टेट का रोस्टर आयोग को उपलब्ध कराया है।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** जी सर, हमने सैम्पल के तौर पर भेजा था नहीं तो बहुत सारा हो जाता। हम उपलब्ध करा देंगे।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** आपके यहां जीएम के कितने पद है?

**<u>सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी</u>**:- जीएम की sanctioned post 9 है लेकिन आज की तारीख में हमारे पास 6 है।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>**:- 6 मैं से ओबीसी कितने है?

**<u>सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी</u>**:- ओबीसी कोई नहीं है।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>**:- डीजीएम कितने है?

**<u>अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-</u>** 38 डीजीएम हैं।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>**:- 38 डीजीएम में से कितने ओबीसी है?

**<u>अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-</u>** सर मैं डाटा भेजता हूँ।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>**:- डीजीएम में ओबीसी कितने है?

**<u>अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-</u>** सर, कैलकुलेट करना पड़ेगा।

**<u>सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी</u>**:- सर, डीजीएम और जीएम का प्रमोशन एक्सरसाइज होता है वो कंपनी के लेवल पर नहीं होता है, वो चारों कंपनियों का मिलाजुला होता है, मंत्रालय के प्रतिनिधि भी इसमें बैठते है। वो हमारे सिस्टम में होता है लेकिन ये आकड़ा आपको भेज देते है।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>**:- जीएम के नीचे कौन कौन से पद होते है?

**सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी**:- चीफ मैनेजर स्केल 5 में होते है, हम इनको डीजीएम स्केल-6 और जीएम स्केल-7 देते है और स्केल-7 तक ही होता है, स्केल-5 तक कंपनी लेवल तक प्रमोशन होता है। स्केल-6 और स्केल-7 का पांचो कम्पनियों के साथ होता है जीआईसी भी इसमें है ।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**:- ये प्रश्न सं. 12 के उत्तर में असिस्टेंट लेवल, असिस्टेंट से सीनियर असिस्टेंट और क्लेरिकल से स्केल-1 में ओबीसी के प्रमोशन का प्रतिशत पूछा गया था कि ओबीसी के कितने प्रतिशत लोग नार्मल तरीके से प्रमोट प्रमोट हुए हैं।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** इसमें रिजर्वेशन में तो प्रमोशन में नहीं है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**:- आयोग जानना चाहता है कि नार्मल तरीके से ओबीसी के कितने लोग प्रमोशन के लिये कोम्पिटेंट है।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर, हम कंपाइल कर के दे देंगे।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**:- राष्ट्रीय पिछ्ड़ा वर्ग आयोग Analyse करना चाहता है कि क्या ओबीसी लोग योग्य नही है कि वह प्रमोट हो सके और किन कारणों से उनका प्रमोशन नहीं हो पाता है, जो लोग आपकी कंपनी में आये है वह कितने लेवल तक प्रमोशन ले रहे है।

**सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी**:- सर, मैं एक इनपुट देना चाह रहा था जब असिस्टेंट और सीनियर असिस्टेंट का प्रमोशन होता है इसमें कोई इंटरव्यू नहीं होता है इसमें पीआरटी के नम्बर जोड़ दिये जाते है, और जितनी प्रमोशनल वैकेंसी होती है उसको भरना मुश्किल हो जाता है, तो सारे अपने आप ही प्रमोट होते चले जाते है, जैसे सीनियरटी है वैसे ही प्रमोशन हो जाता है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- यह सब जानकारी और आकड़ा आयोग को भिजवाइये।

**सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:**- भिजवा देंगे सर। सर आपने पूछा कि कितने कोम्पिटेंट है जो ओबीसी का कटऑफ है वह जनरल कट ऑफ से ऊपर ही जाता है नीचे नहीं रहता, बराबर ही रहता है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- सीएमडी साहब आप जानते है कि इस देश में After amalgamation 12 बड़े बैंक है और 4 इंश्योरेंस कंपनी है उसके बाद नाबार्ड है और भी फाइनेंसियल इंस्टीट्यूशन है। इसमें एक भी ईडी ओबीसी कैटेगरी का नहीं है और सीजीएम का प्रतिशत जीरो है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- आपने जो ओबीसी उम्मीदवारों को प्री-रिक्रूटमेंट और प्री- प्रमोशनल ट्रेंनिग दी है, इसकी सत्यापित लिस्ट और सभी के ओबीसी सर्टिफिकेट आयोग को भिजवाये जाये।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- आप लोग कॉन्ट्रेक्ट बेसिस पर नियुक्ति करते है या आउटसॉर्सिंग पर करते है?

**सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:**- आउटसॉर्सिंग पर करते है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**- डीओपीटी द्वारा जारी मॉड्ल रोस्टर में ओबीसी का निर्धारित प्वाइंट होता है, उस प्वाइंट पर नियुक्ति नही कर के दूसरे प्वाइंट पर नियुक्ति करने का क्या कारण होता है?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर, ओबीसी के रोस्टर प्वाइंट डिफाइन है तो उसमें मेरिट लिस्ट बनती है। हम लोग जो वैकेंसी क्रियेट करते है वह रोस्टर में

कैडर स्ट्रेंथ देख कर ही निकाला जाता है कि कितने होने चाहिये, कितने का अभाव है, जितनी वैकेंसी है उतनी ही निकालते है, उतना ही नम्बर रिक्रूट कर देते है। सर, ये हो सकता है कि जो उसमें फिजिकली प्वाइंट रोस्टर में है उस नम्बर के आगे ओबीसी का कैंडिडेट ना आया हो लेकिन वो किसी दूसरे प्वाइंट पर आया हो। तो सर, नम्बर मेंटेन रहता है। क्योंकि रोस्टर मेंटेन करने का जो डीओपीटी का सर्कुलर है, उसके हिसाब से प्वाइंट निर्धारित कर रखे हो लेकिन वह फिक्स कैडर स्ट्रेंथ वाले में फॉलो करना मुश्किल है ।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** 2010 में Administrative Officer के कुल कितने पोस्ट थे?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** 360 पोस्ट थे सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** उसमें से अप्वाइंटमेंट कितना हुआ और उनमें ओबीसी कितने है?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर, 286 और 286 में से ओबीसी 75 हैं।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** 286 का 27% कितना होता है?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** 26.22% सिर्फ यह रिजर्व का है। इसके अलावा ऑन मेरिट अलग है ऑन मेरिट वाले तो जनरल में ही इंक्लूड हो गया है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** कैटेगरी तो लिखी होती है कि किस कैटेगरी का कैंडिडेट है। इसमें एक कॉलम है Whether he belong to SC/ST/OBC,General और दूसरा कॉलम है filled as UR.

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** जैसे आपने 2010 का रोस्टर भेजा है उसमें 257 अप्वाइंटमेंट किया है।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर, 2010 में 257 रिक्रूटमेंट का डाटा बनाया है जो आपको एनेक्जर भी दिया है, ये कैलेंडर ईयर वाईज है तो इसमें जो दूसरे बैच का कंटीजेंसी बैच है वो भी इंक्लूड हो जाता है तो इसलिये आप को वेरियेशन दिख रहा है। आप देखे तो ये जो एक्सर्साइज थी 286 में से 75 ओबीसी है ।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** आप फाइनेंसियल ईयर वाईज कैलकुलेट कर रहे है?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** आपने हमे कैलेंडर वाईज भेजा है।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** इसमें जो रोस्टर है वह ईयर वाईज है कि कौन सी तारीख को अप्वाइंट हुआ। यह डाटा ईयर वाईज है ये रिक्रूटमेंट एक्सर्साइज वाइज नहीं है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** इसमें एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर का है, ये स्टेट वाईज होता है न?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर ऑल इंडिया कॉमन होता है स्टेट वाईज नही होता है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-**जो मेरे पास डाटा है इसमें 257 कुल अप्वाइंटमेंट हुआ है। 15.02.2010 से रोस्टर पॉइंट न. 36 से शुरू हुआ है और पॉइंट न. 294 तक है।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** जी सर, इसमें लास्ट ओबीसी 70 नम्बर है, ओबीसी शुरु हो रहे है नम्बर 6 से, तो 65 ओबीसी के लोग अप्वाइंट हुए।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** ओबीसी के कितने लोग होने चाहिये?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर 69 होने चाहिये थे, लेकिन 65 हुए है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** रोस्टर पॉइट बदलने का यही फायदा यही होता है, आप लोग मॉड्ल रोस्टर पर नियुक्ति नहीं करते हैं उसका सबसे बड़ा नुकसाल ओबीसी को यही होता है कि जिस साल में जितनी नियुक्ति होनी चाहिये, वह नहीं हो पाती। ओबीसी के 69 लोगों को आना चाहिये था 65 लोग ही आये है।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** नहीं सर, 69 ओबीसी के लोगों को ऑर्डर इशू किये गये, उसमें 65 ओबीसी के लोग ही आये अगर 69 ओबीसी आ गये होते तो ओबीसी 70 की जगह 74 हो गया होता।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** जो सरकार ने रोस्टर प्वाइंट दिया है उसी पर आप लोग नियुक्ति करें।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** डीएफएस ने आपको रोस्टर पॉइंट दे कर भेजा है। आगे से आप लोग कोशिश करें कि भारत सरकार ने जो रोस्टर पाइंट दिया है उसी पर नियुक्ति करेंगे।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** 2018-19 के रोस्टर पर आपने लिखा है कि No RO visited in financial year 2018-19 because of the health issue of the liaison officer.

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर, जो रोस्टर inspection की प्रक्रिया है उसके अनुसार जो हैड ऑफिस में लाईसन ऑफिसर हैं जिसमें हमारे 31 ROs हैं उसमें हर साल visit करते हैं ROs द्वारा रोस्टर का भी inspection करते है और inspection रिपोर्ट देते है उस वर्ष में वे कुछ स्वास्थय समस्या के कारण जा नहीं पाये।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** जब लाईसन ऑफिसर अस्वस्थ थे तो उनके स्थान पर दूसरा लाईसन ऑफिसर नियुक्त करने में क्या दिक्कत थी?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर, हमारे RO में अलग अलग असिस्टेंट लाईसन ऑफिसर है वे लोग अपने स्तर पर चैक करते है। सर, जो आपने कहा की केन्द्रीय कृत जो रिपोर्ट थी वो inspection नहीं हुई था।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** लाईसन ऑफिसर के अस्वस्थ होने का प्रमाण पत्र आयोग को उपलब्ध कराया जाये।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** ओबीसी वर्ग के लिये ओबीसी का सेल बना है या नहीं?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** सर, अलग से ओबीसी का सेल नहीं है बल्कि सभी आरक्षित वर्गो के लिये एक रिजर्वेशन सेल है जिसका प्रमुख चीफ

लाईसन ऑफिसर होते है जिसमें एक एससी/एसटी और एक ओबीसी के लाईसन ऑफिसर है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** ओबीसी का अलग से सेल बनवाइये और उसमें एक चीफ लाईसन ऑफिसर नियुक्त करिये।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** प्रश्न संख्या 18(F) में बताया गया है कि 2017 में 2 शिकायतें हैरासमेंट की प्राप्त हुई, इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गयी, आयोग को अवगत कराया जाये।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** जी सर, हम प्रश्न संख्या 18(F) का जवाब आयोग को शीघ्र ही उपलब्ध करायेंगे।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** प्रश्न संख्या 19 कि संदर्भ में सभी रिक्रूटमेंट बोर्ड/कमेटी में सम्मिलित ओबीसी वर्ग में जो प्रतिनिधि थे उनका ओबीसी का प्रमाण पत्र और पिछले तीन वर्षों की प्रत्येक लेवल की डीपीसी में सम्मिलित ओबीसी वर्ग के सदस्यों का नाम और कैटेगरी शपथ-पत्र पर आयोग को उपलब्ध कराये।

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** ओबीसी के जो कैंडिटेड होते हैं इनका इंटरव्यू जनरल कैटेगरी के साथ होता है या अलग से होता है?

**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-** डीओपीटी की गाइडलाइंस है उसमें लिखा है कि रिजर्व कैटेगरी का इंटरव्यू अलग दिन और अलग समय पर करना है और इंटरव्यू कमेटी को अवगत कराना है कि इनको लेवल प्लेयिंग फील्ड को इनका

इंटरव्यू अलग से कराना है। सुप्रीम कोर्ट का एक जजमेंट है कि सबका इंटरव्यू मिलाजुला कर करना है। अलग से नहीं करना है। सर, आप हमे मार्गदर्शन कराइये कि हमें क्या करना चाहिये।

<u>**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**</u>:- सुप्रीम कोर्ट का फैसला 2019 में आया है लेकिन आपने 2019 में तो रिक्रूटमेंट नहीं किया था।

<u>**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-**</u> नहीं सर, 2019 में तो हमारे इंटरव्यू हो गये थे, उसके बाद में ही जजमेंट आया।

<u>**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**</u>:- 2019 से पहले इंटरव्यू में आप क्या करते थे?

<u>**अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-**</u> इंटरव्यू अलग से करते थे।

<u>**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**</u>:- जो बहुत सारे ओबीसी के मेरिटोरियस लोग है जिनको यूआर कैटेगरी में आना चाहिये ऐसे लोगों का अलग साक्षात्कार और वह यूआर कैटेगरी में आ नहीं पाते।

<u>**सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी**</u>:- जो ओबीसी जनरल की कट-ऑफ से ऊपर होता है वह जनरल यूआर में भेजा जाता है।

<u>**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**</u>:- सीएमडी साहब, आप लिस्ट देखिये आपको एक दो मिल जायेंगे। जो रोस्टर आपने भेजा है उसमें ओबीसी के लोग या रिजर्व कैटेगरी के लोग बहुत अधिक मात्रा में ऑन मेरिट पर सिलेक्ट हुए है क्योंकि 2010 वाला रोस्टर तो हमने लगभग पूरा चैक किया है।

<u>सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी</u>:- आज ही हमारे अधिकारी नाम भेज देंगे। जनरल पर रिजर्वेशन नहीं होता था, एससी/एसटी पर रिजर्वेशन होता था उसमें बहुत से कैंडिडेट यूआर में आते थे। अंतः इंटरव्यू देने वालों में ओबीसी के बहुत से नम्बर थे ।

<u>अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-</u> अगर आप हमारी लास्ट Recruitment Exercise देखे 2019 वाली तो उसमें, 2048, 2057, 2067, 2077, 2083, 2098, 2103, 2113, 2118, 2140, 2151, 2156, 2158 काफी है सर।

<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>:- रोस्टर में 2081 से लेकर 2123 तक आपने एक भी सीट ओबीसी के लिये या एससी/एसटी के लिये रिजर्व नहीं किया है?

<u>अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-</u> सर, उस प्वाइंट में नाम ना हो लेकिन यह उतनी ही है जितनी रिजर्व है जरूरी नहीं कि यह उसी के लिये ही Reserved है अगर पूरा प्रतिशत मेंटेन किया है ।

<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>:- वर्ष 2019 में आपने कितने अप्वाइंटमेंट किये है?

<u>अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-</u> सर 2019 में 312 वैकेंसी क्रियेट की गयी थी उसमें से 304 भरी गयी, 304 में 75 ओबीसी थें, उसका प्रतिशत 25% था।

<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>:- ऑन मेरिट वाले किसमें थे?

<u>सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी</u>:- ऑन मेरिट वाले तो यूआर में थे, इनको इसमें काउंट नहीं किया है सर ।

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:- Whether separate registers/ roster registers shall be maintained for appointments made by direct recruitment and promotion?

सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:- Yes sir.

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:- Whether in case of promotion, separate registers / roster registers shall be maintained for each mode of promotion viz. limited competitive examination, selection, non-selection, etc.

अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:- Yes sir.

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:- Whether a common register / roster register shall be maintained for permanent appointments and temporary appointments likely to become permanent or to continue indefinitely.

सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:- सर, हम यह पाइंट नोट कर लेते हैं।

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:- Whether immediately after an appointment is made, the particulars of the person appointed shall be entered in the register / roster register in the appropriate columns and the entry signed by the appointing authority or by an officer authorized to do so.

अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:- Yes sir.

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:- Whether no gap shall be left in completing the register / roster register.

अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:- Yes sir.

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:- Whether the register / roster register shall be maintained in the form of a running account year after year.

अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:- Yes sir.

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:- Whether after every recruitment year, an account shall be noted at the end of the last entry of the

**year in the reservation register indicating representation of Scheduled Castes/Scheduled Tribes/Other Backward Classes and details of backlog reserved vacancies etc.**

**<u>अधिकारी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी:-</u>** Yes sir.

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:</u>- Whether NEW INDIA ASSURANCE COMPANY has/had recommended as their nominee-directors on the board of various companies; if so, the details thereof during the last 10 years along with details of nominee-directors belonging to OBCs on the board of various companies?**

**<u>सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी</u>**:- You are wanting to know those executive of our company who have been deputed as director outside, is it so.

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:</u>**- Please give reply.

**<u>सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी</u>**:- Ok sir.

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:</u>**- How many Subsidiaries company of New India Assurance Company?

**<u>सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी</u>**:- 3 है सर। The New India Assurance Company (Trinidad & Tobago) Limited, The New India Assurance Company (Sierra Leone Limited, Prestige Assurance Plc. (Nigeria).

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:</u>**- क्या Subsidiaries company में ओबीसी का रिजर्वेशन दिया जाता है?

**<u>सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी</u>**:- नहीं सर, वहां पर नहीं होता है, जहां पर विदेशी सब्सिडीरीज कंपनी है वहां पर रिजर्वेशन लागू नहीं होता है क्योंकि वहां जगह लोकल रिक्रूटमेंट रहता है। हम आपको डिटेल भेज देंगे कि विदेश में रिजर्व पोस्टेड कितने है और कौन ओबीसी का है।

<u>**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**</u>- New India Assurance Company की इंडिया में सब्सिडीरीज कम्पनियों में नियुक्त कर्मचारियों की पिछले 5 वर्षों का पदवार, वर्षवार और कैटेगरी वाइज डिटेल आयोग को भिजवाया जाये।

<u>**सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी**</u>:- आपको हम स्ट्रेक्चर भेज देंगें।

<u>**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:**</u>- धन्यवाद, उपरोक्त सभी अपेक्षित जानकारी आयोग को 3 दिनों के अंदर उपलब्ध करा दीजिये।

<u>**सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी**</u>:- धन्यवाद सर, मैं डिटेल भेजता हूं।

**सुनवाई सम्पन्न ।**

| | |
|---|---|
| **(श्री अतुल सहाय)** | **(श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल)** |
| **सीएमडी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी** | **सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग** |
| **अतुल सहाय / ATUL SAHAI** | |
| **अध्यक्ष-एवं-प्रबंध निदेशक** | |
| **Chairman-Cum-Managing Director** | |

THE NEW INDIA ASSURANCE CO. LTD. H.O. MUMBAI 400 001